Series : SSO/1

Code No. **64/1/1**
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर कोड नं. अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **8** printed pages and **2** pages of maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **26** questions.
- **Please write down the serial number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the student will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा **2** पृष्ठ मानचित्रों के हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **26** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि में वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# GEOGRAPHY (Theory)
# भूगोल (सैद्धान्तिक)

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum marks : 70*
*निर्धारित समय : 3 घण्टे]* *[अधिकतम अंक : 70*

**General Instructions :**

*(i)* *There are **26** questions in **all**.*

*(ii)* ***All** questions are compulsory.*

*(iii)* *Marks of each question are indicated against it.*

*(iv)* *Question numbers **1** to **10** are very short answer questions carrying **1** mark each. Answer to each of these questions should not exceed **20** words.*

*(v)* *Question numbers **11** to **20** are short answer questions carrying **3** marks each. Answer to each of these questions should not exceed **80** words.*

*(vi)* *Question numbers **21** to **25** are long answer questions carrying **5** marks each. Answer to each of these questions should not exceed **150** words.*

(vii) *Question number **26** is related to identification or locating and labelling of geographical features on maps.*

(viii) *Outline maps of the **World** and **India** provided to you must be attached within your answer book.*

(ix) *Use of **templates** or **stencils** for drawing outline maps, is allowed.*

**सामान्य निर्देश :**

(i) *प्रश्नों की कुल संख्या **26** है ।*

(ii) ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(iii) *प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिये हैं ।*

(iv) *प्रश्न संख्या **1** से **10** तक अति लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न का **1** अंक है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **20** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

(v) *प्रश्न संख्या **11** से **20** तक लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के **3** अंक हैं। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

(vi) *प्रश्न संख्या **21** से **25** तक लंबे-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक हैं। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

(vii) *प्रश्न संख्या **26**,* मानचित्रों पर दिए गए भौगोलिक लक्षणों को पहचानने या स्थिति दिखाने और नामांकन करने से संबंधित है ।

(viii) ***संसार** और **भारत** के दिये गये रेखा-मानचित्रों को अपनी उत्तर-पुस्तिका में अवश्य नत्थी कीजिए ।*

(ix) *रेखा-मानचित्र बनाने के लिए **साँचों** या **स्टेंसिलों** के प्रयोग की अनुमति दी जाती है ।*

1. What is the importance of secondary activities in the world ? **1**
   संसार में द्वितीयक क्रियाओं का क्या महत्त्व है ?

2. Name the terminal stations of Australian Trans-Continental Railway. **½ + ½ = 1**
   ऑस्ट्रेलियाई पार महाद्वीपीय रेलमार्ग के अन्तिम सिरों के स्टेशनों के नाम बताइए ।

3. Name the state of India having the highest density of population and also mention its density. **½ + ½ = 1**
   भारत के सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले राज्य का नाम बताइए और उसका घनत्व भी लिखिए ।

4. Which state of India has the lowest literacy rate ? Mention its literacy rate also. **½ + ½ = 1**
   भारत के किस राज्य की साक्षरता दर सबसे कम है ? इसकी साक्षरता दर भी बताइए ।

5. Name the largest metropolitan city of Uttar Pradesh. Write its population according to Census 2001. **½ + ½ = 1**
   उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े महानगर का नाम बताइए । 2001 की जनगणना के अनुसार इसकी जनसंख्या लिखिए ।

6. Name any **two** sub-sections of cotton textile industry in the world. **½ + ½ = 1**
   संसार में सूती वस्त्र उद्योग के किन्हीं **दो** उपक्षेत्रों के नाम बताइए ।

7. How is the cropping intensity calculated in India ? **1**
भारत में फसल गहनता की गणना किस प्रकार की जाती है ?

8. What was the main objective to implement the Fourth Five Year Plan for the people in drought prone areas ? **1**
सूखा संभावी क्षेत्रों में लोगों के लिए चौथी पंचवर्षीय योजना को लागू करने का मुख्य उद्देश्य क्या था ?

9. Mention any **two** cultural activities responsible for water pollution in India. **½ + ½ = 1**
भारत में जल प्रदूषण के लिए उत्तरदाई किन्हीं **दो** सांस्कृतिक गतिविधियों का उल्लेख कीजिए ।

10. Which one of the Indian seaport provides port facilities to its land-locked neighbouring countries ? Name any one such country. **½ + ½ = 1**
भारतीय पत्तनों में से कौन सा समुद्री पत्तन स्थल-रुद्ध पड़ोसी देशों को पत्तन सुविधाएँ प्रदान करता है ? ऐसे किसी एक देश का नाम बताइए ।

11. Mention any **six** advantages of Oceanic routes. **6 × ½ = 3**
महासागरीय मार्गों के किन्हीं **छः** लाभों का उल्लेख कीजिए ।

12. Which are the **two** components of population growth in India ? Describe the main feature of each component. **1 + 2 = 3**
भारत में जनसंख्या वृद्धि के **दो** घटक कौन से हैं ? प्रत्येक घटक के प्रमुख लक्षण का वर्णन करिए ।

13. State any **six** characteristics of road transport in India. **6 × ½ = 3**
भारत में सड़क परिवहन की किन्हीं **छः** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

14. Explain the concept of environmental determinism with suitable examples. **3 × 1 = 3**
पर्यावरणीय निश्चयवाद के विचार को उपयुक्त उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए ।


15. Explain how the difference in national resources becomes one of the bases of international trade. **3 × 1 = 3**
राष्ट्रीय संसाधनों में भिन्नता किस प्रकार अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के विभिन्न आधारों में से एक है, स्पष्ट कीजिए ।

16. Which is the most effective and advanced personal communication system in India ? Explain any **four** characteristic of it. **1 + 2 = 3**
भारत में सर्वाधिक प्रभावी और अधुनातन वैयक्तिक संचार प्रणाली कौनसी है ? इसकी किन्हीं **चार** विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए ।


17. "Outsourcing has resulted in opening up a large number of job opportunities in several countries." Analyse the statement with **three** suitable examples. **3 × 1 = 3**
"बाह्यस्रोतन के परिणामस्वरूप कई देशों में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर खुले हैं ।" इस कथन का **तीन** उपयुक्त उदाहरणों सहित विश्लेषण करिए ।

18. "Land degradation caused by human made processes are more harmful than natural processes in India." Analyse the statement with suitable examples. **3 × 1 = 3**
"भारत में मानवीय क्रियाकलापों के कारण हुआ भूमि निम्नीकरण, प्राकृतिक प्रक्रियाओं द्वारा हुए भूमि निम्नीकरण की तुलना में अधिक हानिकारक है ।" इस कथन का उदाहरणों सहित विश्लेषण करिए ।

19. Study the map given below and answer the questions that follow : **1 + 1 + 1 = 3**




(19.1) Name the trans-continental railway shown in the given map.
(19.2) Name the terminal stations of this railway line.
(19.3) Mention any **two** characteristics of this railway line.





ऊपर दिए गए मानचित्र का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(19.1) मानचित्र में दिखाए गए पार महाद्वीपीय रेलमार्ग का नाम बताइए ।
(19.2) इस रेलमार्ग के अन्तिम सिरों के स्टेशनों के नाम बताइए ।
(19.3) इस रेलमार्ग की कोई **दो** विशेषताएँ बताइए ।

**Note :** The following question is for the **BLIND CANDIDATES** only, in lieu of Q. No. 19 : Name the trans-continental railway of North America constructed in 1886. Write any **two** characteristics of it. **1 + 2 = 3**


**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 19 के स्थान पर है : सन् 1886 में बनाए गए उत्तर अमेरिका के पार महाद्वीपीय रेलमार्ग का नाम बताइए । इसकी कोई **दो** विशेषताएँ लिखिए ।

20. Study the given map and answer the question that follows : 1½ + 1½ = 3




Name the northern most, southern most and western most metropolitan cities of the country and also name the states to which they belong.

नीचे दिए गए मानचित्र का अध्ययन करिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए :




देश के सबसे उत्तरी, सबसे दक्षिणी तथा सबसे पश्चिमी महानगरों के नाम बताइए और उनसे सम्बन्धित राज्यों के नाम भी बताइए ।

**Note :** The following question is for the **BLIND CANDIDATES** only, in lieu of Q. No. 20.

Name any **three** states of India each of which has only one metropolitan city. Also name those metropolitan cities. $1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} = 3$

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. 20 के स्थान पर है ।

भारत के किन्हीं **तीन** राज्यों के नाम बताइए, जिनमें से प्रत्येक में एक महानगर है । उन महानगरों के नाम भी लिखिए ।

21. Describe in brief the different trends of population growth in the world from early period to the present day. **5 × 1 = 5**

संसार में जनसंख्या वृद्धि की विभिन्न प्रवृत्तियों का आदिकाल से लेकर अब तक का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

22. Classify minerals into **two** groups on the basis of chemical and physical properties and give one example of mineral of each group. Mention any **two** features of the three mineral belts of India. **2 + 3 = 5**

रासायनिक और भौतिक गुणों के आधार पर खनिजों को **दो** वर्गों में वर्गीकृत करिए तथा प्रत्येक वर्ग के खनिज का एक उदाहरण दीजिए । भारत की तीनों खनिज पेटियों की किन्हीं **दो-दो** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

23. "There is low yield per acre but high yield per person in the interior parts of semi-arid lands of the mid latitudes in the world." Support the statement with suitable examples. **5**

"संसार में मध्य अक्षांशों के आन्तरिक अर्ध-शुष्क प्रदेशों में प्रति एकड़ उत्पादन कम होता है, परन्तु प्रति व्यक्ति उत्पादन अधिक होता है ।" इस कथन की उपयुक्त उदाहरणों सहित पुष्टि करिए ।

24. Explain any **five** major environmental problems related to urban settlements in developing countries. **5 × 1 = 5**

विकासशील देशों में नगरीय बस्तियों से सम्बन्धित किन्हीं **पाँच** प्रमुख पर्यावरणीय समस्याओं को स्पष्ट कीजिए ।

25. How the small size of land holdings and degradation of cultivable land are the **two** major problems of Indian agriculture ? Explain both these problems with examples. **2½ + 2½ = 5**

छोटी कृषि जोत और कृषि योग्य भूमि का निम्नीकरण भारतीय कृषि की **दो** प्रमुख समस्याएँ किस प्रकार हैं ? इन दोनों समस्याओं को उदाहरणों सहित स्पष्ट करिए ।

26. (26.1) In the given political outline map of the **World**, the following **four** features are shown : **4 × ½ = 2**

(A) The country having the lowest population growth rate in Africa.

(B) The important country of commercial livestock rearing.

(C) The important mega city of Pakistan.

(D) The important seaport of New Zealand.

Identify these features and write their correct names on the lines marked against each feature.

(26.2) In the given political outline map of **India**, locate and label the following with appropriate symbols : **3 × 1 = 3**

(i) The State having the highest percentage of urban population.

(ii) An oil refinery located in Bihar.

(iii) The major seaport located in Kerala.

(26.1) **संसार** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित **चार** लक्षण दिखाए गए हैं :

(A) अफ्रीका में सबसे कम जनसंख्या वृद्धि दर वाला देश ।

(B) वाणिज्यिक पशुधन पालन वाला एक महत्त्वपूर्ण देश ।

(C) पाकिस्तान का एक महत्त्वपूर्ण मेगा नगर ।

(D) न्यूजीलैण्ड का एक महत्त्वपूर्ण समुद्री पत्तन ।

इन लक्षणों की पहचान करिए और प्रत्येक लक्षण के सामने खींची गई रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए ।

(26.2) दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित की स्थिति उपयुक्त चिह्नों द्वारा दिखाइए और नाम लिखिए :

(i) सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या के अनुपात वाला राज्य ।

(ii) बिहार में स्थित तेल परिष्करणशाला ।

(iii) केरल में स्थित प्रमुख समुद्री पत्तन ।

**Note :** The following questions are for the **BLIND CANDIDATES** only, in lieu of Q. No. 26. **5 × 1 = 5**

(26.1) Name the country having the lowest population growth rate in Africa.

(26.2) Which is the most important country known for commercial livestock rearing in South America ?

(26.3) Which State of India has the highest percentage of urban population ?

(26.4) Name the oil refinery located in Bihar.

(26.5) Name the major seaport located in Kerala.

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 26 के स्थान पर हैं :

(26.1) अफ्रीका में सबसे कम जनसंख्या वृद्धि दर वाले देश का नाम बताइए ।

(26.2) दक्षिण अमेरिका में सबसे महत्त्वपूर्ण देश कौन सा है जो वाणिज्यिक पशुधन पालन के लिए जाना जाता है ?

(26.3) भारत का कौनसा ऐसा राज्य है, जिसमें नगरीय जनसंख्या का सर्वाधिक अनुपात है ?


(26.4) बिहार में स्थित तेल परिष्करणशाला का नाम बताइए ।

(26.5) केरल में स्थित प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम बताइए ।

------ Cut Here ------------ यहाँ से काटें ------------ Cut Here ------------ यहाँ से काटें --------

Map for Q. No. 26.1
प्रश्न सं. 26.1 के लिए मानचित्र

## WORLD - POLITICAL    संसार – राजनैतिक




1. Based upon Survey of India map with the permission of the Surveyor General of India.

© Government of India Copyright.

2. The territorial waters of India extend into the sea to a distance of twelve nautical miles measured from the appropriate baseline.
3. The External Boundary and coast-line of India shown on this map agree with the Record / Master Copy certified by the Survey of India.Dehra Dun. Vide Letter No. T.B. 409/62-A-3/213 Dated13/3/2003.

Map for Q. No. 26.2

प्रश्न सं. 26.2 के लिए मानचित्र

Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें

**Outline Map of India (Political)**

